

## फाइनल से पहले भारत और ब्रिटेन की जूनियर टीमों ने खेला ड्रॉ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहोर बाहरू (मलयेशिया)। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम और ब्रिटेन ने शुक्रवार को यहां 9वें सुल्तान जोहोर कप के अंतिम राउंड रोबिन मैच में 3–3 से ड्रॉ खेला। पहले क्वॉर्टर में भारत ने कब्जा बनाए रखा और ज्यादातर हमलों में आगे रहे लेकिन ब्रिटेन के डिफेंस में सेंध नहीं लगा सका। दूसरे क्वॉर्टर में भी भारत ने कोशिश जारी रखी जिसमें गुरसाहिबजीत सिंह का शॉट नाकाम रहा। ब्रिटेन को 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए पहला मौका मिला और इयोन वाल की ड्रैग फ्लिक से टीम ने पहला गोल कर दिया। ब्रिटेन ने फिर 23वें मिनट में एंड्रयू मैककोनेल के गोल से बढ़त दोगुनी कर दी और ब्रेक तक स्कोर 2–0 रहा। शिलानंद लाकड़ा ने इस अंतर को कम किया और फिर मनदीप मोर ने 51वें मिनट में स्कोर 2–2 से बराबर किया। ब्रिटेन को पता था कि उन्हें फाइनल के लिए क्वॉलिफाइ करने के लिए महज ड्रॉ की जरूरत है।

# ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भारतीय हॉकी टीम की अगुआई करेंगे मनप्रीत और रानी

**घोषणा**

### टीमें ओड़िशा के भुवनेश्वर में 1-2 नवंबर को अपनी प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने आगामी एफआईएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए शुक्रवार को पुरुष और महिला टीम की घोषणा की। 18 सदस्यीय पुरुष टीम की कप्तानी मनप्रीत सिंह करेंगे जबकि फॉरवर्ड एसवी सुनील उप कप्तान होंगे। वहीं इंग्लैंड दौरे पर गई महिला टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है जिसकी कप्तान रानी होंगी जबकि उप कप्तान गोलकीपर सविता होंगी। भारतीय पुरुष और महिला टीमें ओड़िशा के भुवनेश्वर में 1–2 नवंबर को अपनी प्रतिद्वंद्वियों से भिड़ेंगी।

आठ बार के ओलिंपिक चैंपियन भारत (एफआईएच विश्व रैंकिंग पांच) का सामना रूस (22वीं रैंकिंग) से होगा। महिला टीम (9वीं रैंकिंग) की भिड़ंत अमेरिकी महिला टीम से होगी जिसकी रैंकिंग 13 है। पुरुष टीम में दो गोलकीपर पी आर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक हैं। कप्तान मनप्रीत फॉरवर्ड पंक्ति की अगुआई करेंगे जिसमें मनदीप सिंह, आकाशदीप सिंह और रमनदीप सिंह शामिल हैं।



पुरुष टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, 'बेल्जियम में दौरे की अच्छी तैयारियों के बाद इस टूर्नामेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ 18 खिलाड़ियों का चयन करना काफी मुश्किल था। हमने बेहद संतुलित टीम चुनी है।' उन्होंने कहा, 'अब हमें रूस के खिलाफ अपनी रणनीतियों पर ध्यान देने की जरूरत होगी और सुनिश्चित करना होगा कि एक और दो नवंबर को हम मैदान पर सर्वश्रेष्ठ टीम उतारें।'

महिला टीम कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हमारी अच्छी संतुलित टीम है जिसमें खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। अभ्यास दौरे पर जिन खलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, उनका लय में रहना अहम है। अब हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करना है कि दोनों मैचों में अमेरिका के खिलाफ कोई भी गलती नहीं करें।' क्वॉलिफायर के विजेता से 2020 तोक्यो ओलिंपिक में स्थान सुनिश्चित होगा।

**पुरुष टीमः** मनप्रीत सिंह (कप्तान), पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुरेंदर कुमार, गुरिंदर सिंह, रूपिंदर पाल सिंह, अमित रोहिदास, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, ललित कुमार उपाध्याय, एसवी सुनील, मनदीप सिंह, आकाशदीप सिंह, रमनदीप सिंह और सिमरनजीत सिंह।

**महिला टीमः** रानी रामपाल (कप्तान), सविता, रजनी इतिमारपू, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, रीना खोखर, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, निक्की प्रधान, मोनिका, नेहा गोयल, लिलिमा मिंज, नमिता टोप्पो, वंदना कटारिया नवनीत कौर, लालरेमसियामी, नवजोत कौर और शर्मिला देवी।

# पूर्व ओलिंपिक चौंपियन शटलर ली जुईरुई ने संन्यास लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व ओलिंपिक चौंपियन चीन की महिला शटलर ली जुईरुई ने अंतराष्ट्रीय बैडमिंटन से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) ने गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर बताया कि 14 सुपर सीरीज खिताब जीतने वाली ली को एक अटैकिंग खिलाड़ी के रूप में याद रखा जाएगा।



लंदन ओलिंपिक के मेडलिस्ट।

28 वर्षीय ली ने 2012 में हुए लंदन ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने फाइनल में वांग यिहान को मात दी थी। तब भारत की स्टार साइना नेहवाल को ब्रॉन्ज मेडल मिला था। ली को 2013 में बीडब्ल्यूएफ फीमेल प्लेयर ऑफ द इयर चुना गया था। रियो ओलिंपिक में चोटिल होने से पहले तक वह दमदार फॉर्म में चल रही थीं।

ली ने अपने करियर में सबसे पहला खिताब 2010 में जीता था जो एशियन चौंपियनशिप था। उन्होंने 2012 में अपना पहला सुपर सीरीज (ऑल इंग्लैंड) खिताब जीता था।

यहा खिताब जीतने के लिए भी उन्होंने फाइनल में वांग यिहान को मात दी।

## दबंग दिल्ली खिताब के लिये बंगाल वारियर्स से भिड़ेगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद दबंग दिल्ली की टीम शनिवार को यहां प्रो कबड्डी लीग के सातवें सत्र के फाइनल में बंगाल वारियर्स से भिड़ेगी। प्रो कबड्डी लीग में इस बार नया विजेता होगा क्योंकि दोनों ही टीमें पहले फाइनल में खेल रही हैं। दोनों टीमों के कोचों को अपनी टीम पर पूरा भरोसा है और उन्होंने दावा किया कि फाइनल रोमांचक होगा। दिल्ली के कोच कृष्ण कुमार हुड्डा ने कहा, "कोई नहीं जानता कि कौन विजेता बनने का प्रबल दावेदार होगा क्योंकि दोनों ही टीमें अच्छी हैं। हमारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। " बंगाल वारियर के कोच बी सी रमेश ने कहा, "कल के मैच के लिये मेरा मानना है कि रेडर और डिफेंडर दोनों को अपना सर्वश्रेष्ठ करना होगा। हालांकि उनकी मेहनत के अलावा भाग्य भी भूमिका निभायेगा। मैं खुश हूं कि दो नयी टीमें फाइनल में खेल रही हैं। "

## न्यूज डायरी



### यूरोपियन ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे मरे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एंटवर्प (बेल्जियम)। ब्रिटेन के पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी एंडी मरे ने यहां जारी यूरोपियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली है। मरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड ऑफ–16 के मैच में उरुग्वे के पाब्लो कुएवास को सीधे सेटों में 6–4, 6–3 से मात दी। बीबीसी के अनुसार, वर्ल्ड नंबर–243 मरे और कुएवास के बीच यह मुकाबला कुल 84 मिनट तक चला। पांव की चोट से लौटने के बाद एटीपी टूर स्तर पर मरे की यह केवल छठी जीत है। दो बार विंबलडन चौंपियन 36 वर्षीय मरे अब अंतिम–8 में रोमानिया के वर्ल्ड नंबर–92 मैरिउस कोपिल का सामना करेंगे। वर्ल्ड नंबर–45 कुएवास ने मरे ने खिलाफ नतीजे को बदलने की पूरी कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। उन्होंने सेट में सात ब्रेक पॉइंट बचाए। हालांकि, पहले सेट में मरे को जीतने से नहीं रोक पाए। दूसरे सेट में भी मरे का ही दबदबा देखने को मिला और उन्होंने आसानी से सेट जीतते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

### 13 साल के रौनक साधवानी बने भारत के 65वें ग्रैंडमास्टर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। भारत को अपना 65वां ग्रैंडमास्टर रौनक साधवानी के रूप में मिल गया है। आइल ऑफ मैन में फिडे चेस डॉट कॉम ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में 13 साल के रौनक ने कमाल का प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व वर्ल्ड चौंपियन व्लादिमीर क्रैमनिक को भी खुशी होगी क्योंकि उन्होंने 5 अन्य युवा भारतीय प्रतिभाओं के साथ रौनक को भी ट्रेन किया है। रौनक इसी साल अगस्त में स्विट्जरलैंड में क्रैमनिक माइक्रोसेस इंडिया चेस कार्यक्रम का हिस्सा रहे थे। क्रैमनिक ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, श्मुझे रौनक पर गर्व है। पिछले कुछ महीनों के दौरान उनके खेल में काफी मजबूती आई है और काफी मच्योर हुए। 44 साल के क्रैमनिक ने इसी साल खेल को अलविदा कह दिया था। उन्होंने कहा, शरौनक ने खुद से ज्यादा मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना किया। मुझे भरोसा है कि रौनक शतरंज के शीर्ष खिलाड़ी बनेंगे। रौनक ने कहा, श्क्रैमनिक सर की ट्रेनिंग मेरे लिए जिंदगी बदलने वाली रही। जो उन्होंने मुझे सिखाया, मैंने अपने खेल में भी उसे शामिल किया। इससे मानसिक तौर पर मुझे काफी मजबूती मिली।



### रोनाल्डो ने जीता गोल्ड, जेम्स को ब्रॉन्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय साइक्लिस्ट रोनाल्डो सिंह ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन ट्रैक साइक्लिंग चौंपियनशिप में पुरुष जूनियर केरिन स्पर्धा का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साउथ कोरिया के इंचियोन में रोनाल्डो के अलावा जेम्स सिंह ने इस इवेंट का ब्रॉन्ज मेडल जीता। चौंपियनशिप में भारत की पुरुष और महिला जूनियर स्प्रिंट टीन ने 2 ब्रॉन्ज मेडल भी जीते। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) ने भारतीय ऐथलीटों को मेडल जीतने पर बधाई दी। साई ने ट्वीट किया, श्रोनाल्डो ने इंचियोन में गोल्ड मेडल जीता। जेम्स सिंह ने इसी इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। भारत की जूनियर स्प्रिंट टीमों को भी 2 ब्रॉन्ज मेडल मिले। सभी को बधाई।